नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण

पर्यावास भवन, नार्थब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) 492002
कार्यालय दूरभाष : 0771.2512500, ई–मेल :ceo.nranvp@cg.gov.in

क्र./6761/1(1)923/स्था./सीधी भर्ती/एनआरएएनव्हीपी/2026, नवा रायपुर, दिनांक 22/09/2026

——:::: कार्यालयीन आदेश ::::——

छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 01–34/2024/32 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 27.12.2024 द्वारा वित्त विभाग का जावक क्रमांक 1868/बजट–2/वित्त/चार/2024, दिनांक 26.12.2024 द्वारा प्राप्त सहमति के परिपालन में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक 9117/1–923/स्था./तृतीय वर्ग/सीधी भर्ती/एनआरएएनव्हीपी/2024 दिनांक 21.11.2025 के माध्यम से जारी विज्ञापन अनुसार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर द्वारा दिनांक 08.02.2026 को उप अभियंता (सिविल/लो0स्वा0यां0) की परीक्षा आयोजित की गयी थी। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची के आधार पर दिनांक अभ्यर्थियों की अर्हता संबंधी दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। तत्पश्चात् विभागीय चयन समिति द्वारा पात्र अभ्यर्थियों की चयन सूची तैयार कर दिनांक 07.09.2026 को नियुक्ति किये जाने की अनुशंसा की गयी। चयनित अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ विकास प्राधिकरण सेवा (अधिकारी तथा कर्मचारी) भर्ती नियम 2013 यथासंशोधित के प्रावधानों के अंतर्गत संचालक मण्डल की 110वीं बैठक के एजेण्डा क्रमांक 10 दिनांक 11.09.2026 में प्राप्त अनुमोदन के अनुक्रम में तृतीय श्रेणी उप अभियंता (सिविल/लो0स्वा0यां0) के पद पर वेतनमान लेवल–08, रूपये 35400–112400 प्रतिमाह तथा शासन द्वारा समय–समय पर स्वीकृत मंहगाई भत्ते एवं अन्य भत्तों पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक कार्यग्रहण करने के दिनांक से नियुक्त किया जाकर नीचे दर्शित शर्तों के अधीन पदस्थ किया जाता है :–

क्र.	अभ्यर्थी का नाम	पिता का नाम	पता	चयनित श्रेणी
1	श्री चेतन कुमार कैवर्त	श्री गेंद राम कैवर्त	हाउस नं. एमडी 679, दीपका कॉलोनी, गेवरा प्रोजेक्ट, कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0) पिन – 495452	UR-O
2	श्री सालिक राम	श्री शत्रुहन प्रसाद	हाउस नं. 498, वार्ड नं. 17, तेलीपारा, कुथरेल, जिला दुर्ग (छ0ग0) पिन – 491221	UR-O
3	श्री आदित्य जैन	श्री राजकुमार जैन	हाउस नं. 112, एमएलए नगर बैकुन्ठपुर, जूनापारा फेस 3, बैकुन्ठपुर, जिला कोरिया (छ0ग0) पिन – 497335	UR-O
4	श्री अशीष सुमन गुप्ता	श्री पुरंजन गुप्ता	हाउस नं. 238/1, नवामुडा पारा, महापल्ली, जिला रायगढ़ (छ0ग0) पिन – 496001	UR-O
5	श्री डायमण्ड ध्रुव	श्री बसंत कुमार ध्रुव	हाउस नं. 85, नीम चौक, गायडबरी, छुरा, जिला गरियाबंद (छ0ग0) पिन – 493996	UR-O
6	श्री रिंकेश कुमार गुप्ता	श्री रामनिवास गुप्ता	हाउस नं. 141, कोरन्धा रोड़, जरही, जिला सुरजपुर (छ0ग0) पिन – 497235	UR-O
7	श्री राहुल देव	श्री गणेश राम	हाउस नं. 0101, वार्ड नं. 12 उसरवारा, बालोद, जिला बालोद (छ0ग0) पिन – 491227	UR-O

क्र.	अभ्यर्थी का नाम	पिता का नाम	पता	चयनित श्रेणी
8	श्री शशांक साहू	श्री नरेन्द्र कुमार साहू	हाउस नं. 53, वार्ड नं. 07, मोहभट्ठा रोड़, बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ0ग0) पिन – 491335	OBC-O
9	सुश्री मानसी वर्मा	श्री खूबचंद वर्मा	हाउस नं. 07, 02, बोरसी दुर्ग, जिला दुर्ग (छ0ग0) पिन – 491001	UR -F
10	श्री विजय प्रसाद	श्री शिवनाथ प्रसाद गुप्ता	हाउस नं. 104, लम्हारटोला, त्रिशुली, जिला बलरामपुर (छ0ग0) पिन – 497220	OBC-O
11	श्री विनोद कुमार	श्री नंद कुमार	हाउस नं. 103/03, सतनामी पारा, सिंगारभाठा, जिला रायपुर (छ0ग0) पिन – 493661	SC-O
12	सुश्री रूकमणी	श्री विजय राजवाड़े	ग्राम – नर्मदा पारा, पोस्ट – सकालो, जिला सरगुजा (छ0ग0) पिन – 497001	UR -F
13	श्री अभिषेक	श्री राधेश्याम	हाउस नं. 167, चुहराडांड, नवापारा, जिला कोरबा (छ0ग0) पिन – 495445	SC-O
14	श्री अखिलेश तिर्की	श्री धनसाय तिर्की	हाउस नं. 45, पकुरकल, रेंगवाही, जिला कांकेर (छ0ग0) पिन – 494777	ST-O
15	सुश्री गायत्री सिदार	श्री श्याम बंधु सिदार	हाउस नं. 17, बीच बस्ती, दररी, जिला शक्ति (छ0ग0) पिन – 495692	ST-F
16	श्री पंकज कुमार राणा	श्री नरोत्तम सिंह राणा	वार्ड नं. 10, ग्राम व पोस्ट लिमोरा, तह. बालोद, जिला बालोद (छ0ग0) पिन – 491226	ST-O
17	श्री चम्मन लाल	श्री पंच राम	हाउस नं. 108, पुराना पारा, करतुटोला, जिला बालोद (छ0ग0) पिन – 491665	ST-O
18	श्री हर्ष भगत	श्री फिरू राम भगत	हाउस नं. 65, टांगरगांव रोड़, नेगीटोला, टांगरगांव, जिला जशपुर (छ0ग0) पिन – 496223	ST-O
19	श्री किशोर कुमार	श्री आत्माराम	हाउस नं. 212, भाटापारा, नगर पंचायत आमदी, जिला धमतरी (छ0ग0) पिन – 493773	ST-O
20	श्रीमती शिल्पा एक्का	श्री शिवलाल एक्का	हाउस नं. 14, ग्राम – राता, पोस्ट – उदारी, तह – लुन्ड्रा, जिला सरगुजा (छ0ग0) पिन – 497101	ST-F

2. यह नियुक्ति निम्न शर्तों पर मान्य होगी :—

1. अभ्यर्थी को नियुक्ति आदेश के 30 दिवस के भीतर अपनी उपस्थिति देना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि तक उपस्थित नहीं होने की स्थिति में उनकी नियुक्ति स्वयंमेय निरस्त मानी जायेगी।
2. अभ्यर्थी द्वारा दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत जानकारी, दस्तावेज अथवा कोई तथ्य भविष्य में असत्य/फर्जी पाये जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा से पृथक कर दिया जायेगा तथा अभ्यर्थी पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
3. अभद्रपूर्ण व्यवहार या असंतोषजनक कार्य होने की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जावेगी।
4. अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व स्वयं के व्यय पर सक्षम मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा और मूल स्वास्थ्य उपयुक्तता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा कार्यभार ग्रहण करने नहीं दिया जावेगा।
5. छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के अधिसूचना क्रमांक एफ 1—1/2017/1/3 दिनांक 29.07.2020 एवं छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर का वित्त निर्देश 33/2023, कमांक 571/260/वि./नि./चार/2020, दिनांक 12.09.2023 में निहित प्रावधानुसार संबंधितों को छत्तीसगढ़ मूलभूत नियम 22 सी (1) में शासकीय सेवा में सीधी भर्ती के पद पर 03 वर्ष की परिवीक्षा पर रखे जाने एवं उस पद के वेतनमान के न्यूनतम वेतन पर वेतन निर्धारित किया जायेगा, परिवीक्षा अवधि में वेतन के साथ अन्य भत्ते शासकीय सेवक की तरह प्राप्त होंगे।
6. अभ्यर्थी की नियुक्ति के दौरान सेवायें संतोषप्रद न पाये जाने पर किसी भी समय एक माह का नोटिस देकर तथा सुनवाई के उपरांत नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक (अस्थाई तथा अर्द्ध स्थाई सेवा) नियम, 1960 के नियम—12 (ए) के अंतर्गत सेवा समाप्त की जा सकती है। अभ्यर्थी यदि वे अपनी अस्थाई सेवा छोड़ना चाहते हैं तो उन्हें एक माह पूर्व सूचना अथवा एक माह का वेतन तथा भत्ता या ऐसी अवधि का वेतन जो एक माह की सूचना अवधि से कम का न हो देना होगा।
7. उप अभियंता (सिविल/लो0स्वा0यां0) के पद पर वरिष्ठता व्यापम द्वारा जारी मेरिट सूची के अनुसार होगी।
8. आरक्षित वर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) के सदस्य होने संबंधी दी गई जानकारी/प्रमाण—पत्र यदि गलत पाये गये तो संबंधित उम्मीदवार बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा से पृथक किये जाने का उत्तरदायी होगा तथा उनके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अधीन कार्यवाही भी की जा सकेगी।

3. प्रमाणित किया जाता है कि इन नियुक्तियों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण/रोस्टर संधारित करने संबंधी नियमों/आदेशों का पालन किया गया है।

4. उपरोक्त नियुक्तियां माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन रहेगी।

Digitally signed by Chandan Kumar
Date: 21-09-2026 17:21:52

(संचालक मण्डल द्वारा अनुमोदित)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर

पृ.क्र./ 6761-A /1(1)923/स्था./सीधी भर्ती/एनआरएएनव्हीपी/2026, नवा रायपुर, दिनांक 22/09/2026

प्रतिलिपि :—

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, छ0ग0 शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. सचिव, छ0ग0 शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. निज सहायक, अध्यक्ष महोदय, एनआरएएनव्हीपी की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
4. प्रमुख अभियंता, एनआरएएनव्हीपी को सूचनार्थ।
5. महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), एनआरएएनव्हीपी को सूचनार्थ।
6. सर्व संबंधित चयनित अभ्यर्थी .....

   ..... की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

7. आदेश नस्ती नस्ती।

प्रबंधक (प्रशासन)
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर